भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2928
17.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए
****

प्लास्टिक पार्क

2928. श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में आज की तिथि तक कितने प्लास्टिक पार्क स्थापित किए गए हैं;
(ख) देश भर में ऐसे पार्कों के स्थल/स्थान का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) ऐसे पार्कों की स्थापना के लिए कितनी धनराशि आवंटित/जारी की गई है; और
(घ) सरकार द्वारा पेट्रो-रसायन उद्योग के संकुल विकास के माध्यम से क्षमताएं समेकित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)

(क): विभाग ने असम, मध्य प्रदेश (दो प्लास्टिक पार्क), ओडिशा, झारखंड, तमिलनाडु, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश राज्यों में दस प्लास्टिक पार्कों को मंजूरी दी है।

(ख) से (ग): मौजूदा 10 प्लास्टिक पार्कों के संबंध में आवंटित/जारी की गई निधियों का विवरण और स्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	स्थान/राज्य	अंतिम स्वीकृति	कुल परियोजना लागत (₹ करोड़ में)	कुल स्वीकृत अनुदान (₹ करोड़ में)	अब तक जारी कुल अनुदान (₹ करोड़ में)
1	तमोट, मध्य प्रदेश	अक्टूबर, 2013	108	40	35.90
2	पारादीप, ओडिशा	अक्टूबर, 2013	106.78	40	36.00
3	तिनसुकिया, असम	फरवरी, 2014	93.65	40	35.73
4	बिलौआ, मध्य प्रदेश	दिसंबर, 2018	68.72	34.36	30.94
5	देवघर, झारखंड	दिसंबर, 2018	67.33	33.67	30.29

6	तिरुवल्लूर, तमिलनाडु	जुलाई, 2019	216.92	40	22.00
7	सितारगंज, उत्तराखंड	दिसंबर, 2020	67.73	33.93	18.64
8	सरोरा, रायपुर, छत्तीसगढ़	अप्रैल, 2021	42.1	21.5	4.21
9	गंजीमट, मंगलौर, कर्नाटक	जनवरी, 2022	62.78	31.38	शून्य
10	गोरखपुर, उत्तर प्रदेश	अप्रैल, 2022	69.58	34.79	शून्य

(घ): रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग ने आंध्र प्रदेश (विशाखापत्तनम), गुजरात (दहेज), ओडिशा (पारादीप) और तमिलनाडु (कुड्डालोर और नागापट्टिनम) में चार स्थानों पर पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) की स्थापना को मंजूरी दे दी है। ये क्षेत्र क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देंगे।

****